2 AGUST- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 8/2/2025 9:19 PM Page 1


हरिभूमि

# कोरिया भूमि

तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

बिलासपुर, रविवार 3 अगस्त 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



2 परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का आरोप, छात्रों ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का किया घेराव




## खबर संक्षेप

### पीएम का प्रसारण देखने की गई थी व्यवस्था

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा शनिवार को वाराणसी उप्र से आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय किसान सम्मान समारोह के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप कुमार मोगरे सहित काफी संख्या में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से देश के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को 20,500 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 5 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 5 अगस्त को जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष अमृत सदन में समय 12 बजे से नियत की गई है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम ने जिला पंचायत अध्यक्ष, सभी सम्मानीय सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों को नियत तिथि एवं समय पर उक्त बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### जिले में अब तक 674.8 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 19.15 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 869.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 1 अगस्त तक जिले में कुल औसत 674.8 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 734.1 मिमी, खड़गवां में 556.4 मिमी, चिरमिरी में 631.2 मिमी, केल्हारी में 540.5 मिमी, भरतपुर में 717.7 मिमी और कोटाडोल में 869.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### पीएस एकेडमी पटना में छात्र परिषद चुनाव



**पटना।** पीएस एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल शंकर नगर पटना में शुक्रवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्टूडेंट्स काउंसिल छात्र परिषद चुनाव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। विद्यालय परिसर में हुए इस चुनाव में कक्षा 3 से 10 वीं तक के 226 छात्र-छात्राओं ने मतदाता के रूप में भाग लिया। शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने भी चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाई। चुनाव के लिए विभिन्न पदों पर दर्जनों छात्रों ने नामांकन दाखिल किया। मतदान के बाद हुई मतगणना में अनुराग कुशवाहा को हेड बॉय तथा राधिका साहू को हेडि गर्ल चुना गया। डिप्टी हेड बॉय आसिफ आलम और डिप्टी हेड गर्ल साक्षी सोनवानी रहीं। इसी तरह अन्य छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारी मिली है। विद्यालय प्रशासन ने विजयी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनसे अपेक्षा की कि वे अनुशासन, नेतृत्व एवं सेवा भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### प्रधानमंत्री ने दी सौगात, कृषि विज्ञान केन्द्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम

# 32 हजार किसानों के खाते में आए 6.79 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अन्नदाताओं के लिए शनिवार का दिन खास रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त का शुभारंभ किया। इसी क्रम में कोरिया जिले के 32 हजार 646 किसानों को भी बड़ी सौगात मिली। इन किसानों के खातों में कुल 6.79 करोड़ रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे पहुंचाई गई।

जिले में मुख्य कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र सलका में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में किसानों ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना और अपनी खुशी व्यक्त की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि यह राशि उनकी खेती में नई ऊर्जा भरेगी। उन्होंने किसानों से पीएम जन-धन खाता केवाईसी पूरा कराने और एग्रीस्टेक में पंजीयन कराने की अपील की। साथ ही आवारा मवेशियों पर चिंता जताते हुए कहा कि मवेशियों को सार्वजनिक सड़कों या बाजारों में न छोड़ें, इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि पहले के समय में किसान का वजूद सर्वोपरि था। आज फिर से पढ़े-लिखे लोग खेती की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने पीएम की तारीफ करते हुए कहा कि तीसरी बार पदभार संभालते ही उन्होंने अपना वादा निभाया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े ने कहा कि सरकार लगातार किसानों के हित में योजनाएं ला रही है और हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

#### कृषि से जुड़े नवाचारों की जानकारी

इस अवसर पर कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाएं और कृषि कार्यालय से जुड़कर सलाह लें। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों को कृषि आधारित योजनाओं और संसाधनों की जानकारी भी दी गई।

## एमसीबी के 28 हजार से अधिक किसानों को मिला लाभ

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को 20 वीं किस्त की राशि का अंतरण 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से वाराणसी उत्तरप्रदेश से वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। यह राशि डीबीटी प्रणाली के अंतर्गत सीधे पात्र किसानों के बैंक खातों में अंतरित की गई। इस अवसर पर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक कृषि इन्द्रासन सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत श्रीमती सुखमंती सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा तथा सभापति कृषि स्थायी समिति जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ रविशंकर वैश्य उपस्थित रहे। श्रीमती सिंह ने अपने संबोधन में किसानों को राष्ट की रीढ़ बताते हुए उन्हें पालनहार का दर्जा प्रदान किया और कहा कि शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक कृषक तक समय पर पहुंचे, यह हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उप संचालक कृषि श्री पैकरा ने जानकारी दी कि जिले के कुल 28477 कृषकों को इस 20 वीं किस्त के रूप में 5 करोड़ 89 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई है। साथ ही उन्होंने अपील की कि कोई भी पात्र किसान इस योजना के लाभ से वंचित न रहे, ⏭ शेष पेज 4 पर



## डीएवी चिरमिरी में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए गठित विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी चिरमिरी रामनारायण गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडे ने अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात पहलगाम हमले पर आधारित एक भावनात्मक लघु नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसने सभी उपस्थितजन को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित छात्र कैबिनेट को शपथ दिलाई गई एवं हाउस फ्लैग वितरित किए गए। इस अवसर पर हेड बॉय श्रेयांश सिंह, हेड गर्ल समृद्धि चावला, डिप्टी हेड बॉय वेदांश पंडा, डिप्टी हेड गर्ल अनन्या सिंह सहित सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की औपचारिक सौंप की गई। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के सदस्य अनुशासन, निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करें। यही गुण उन्हें भविष्य में एक आदर्श नागरिक बनाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडे ने छात्र परिषद को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी है, जब आप अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हैं, तो सफलता स्वतः आपके पास आती है। हमारे आज के मुख्य अतिथि श्री गुप्ता इसका जीवंत उदाहरण हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन खेल शिक्षक योगेश जोंधाले एवं सीमा सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह के अंत में वरिष्ठ शिक्षक बीआर पंडा ने मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थितजन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक दिन के प्रिंसिपल बने विद्यार्थी

**चरचा कॉलरी।** क्षेत्र स्थित हिन्द विद्यालय अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल में एक अनोखी पहल के तहत केजी 1 से लेकर कक्षा 12 वीं तक के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को एक दिन का प्रिंसिपल बनाकर सम्मानित किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाना और नेतृत्व क्षमता को विकसित करना रहा। विद्यालय के केजी-1 सी के छात्र नयन कुमार अग्रवाल पिता अंकित अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए एक दिन का प्रिंसिपल बनाया गया। इसी प्रकार कक्षा 1 के विश्वजीत, कक्षा 2 की सान्वी, कक्षा 9 वीं के गुलाम राजधानी, प्रथम, पूर्णिमा, आर ए दिव्यांशु, कक्षा 10 वीं की जोया अली, कक्षा 11 वीं के आर ए अंशु, कुमारी अंतरा तथा कक्षा 12 वीं की नूरी शबा व आयशा अफरीन को भी यह सम्मान दिया गया। विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान और प्राचार्य शशिभूषण राय के मार्गदर्शन में यह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर ⏭ शेष पेज 4 पर



## खनिज माफिया की दबंगई पत्रकार को दी धमकी

**जनकपुर।** एमसीबी जिले भरतपुर तहसील मुख्यालय जनकपुर के पंद्रह टोली में जेसीबी मशीन से अवैध रूप से खनन और परिवहन करने की समाचार संकलन कर रहे पत्रकार शिवम प्यासी के मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। संवाददाता ने उक्त मामले की लिखित शिकायत पुलिस थाना जनकपुर और एसडीएम भरतपुर को देकर कार्रवाई करने की मांग किया है। वहीं इस घटना में क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने शासन-प्रशासन एवं जनकपुर पुलिस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यहां की लचर कानून व्यवस्था से न ही पत्रकार सुरक्षित है और न ही आदिवासी समाज के लोग और जिम्मेदार प्रशासन मौन है। जनकपुर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर सवालों का अंबार लगा हुआ है।

## भू-स्खलन से चट्टान सड़क पर...



**बैकुण्ठपुर।** जिले के सोनहत मार्ग पर शिवघाटी क्षेत्र में भारी बारिश की वजह से सड़क किनारे घाटी क्षेत्र में भू-स्खलन से बड़ा चट्टान सड़क किनारे गिरा। कम ऊंचाई होने के कारण भू-स्खलन के दौरान गिरा चट्टान सड़क किनारे ही स्थिर हो गया।

## अखंड महादेव कांवड़ यात्राः घर-घर जाकर शिव भक्त दे रहे निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

■ हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा क्षेत्र

विकासखंड मुख्यालय सोनहत के दुर्गा पंडाल परिसर स्थित नवनिर्मित अखंड महादेव शिव मंदिर में सावन के चतुर्थ सोमवार को जलाभिषेक के लिए वृहद कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए महिला एवं पुरूष शिव भक्तों की टोली पूरे क्षेत्र में घर-घर जाकर श्रद्धालुजन को आमंत्रित कर रही है।

जनपद उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर ग्राम मेण्ड्रा स्थित हसदेव नदी के उद्गम स्थल से जल भरकर कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जो दुर्गा पंडाल स्थित अखंड महादेव मंदिर तक पहुंचेगी। यहां शिव भक्तों द्वारा महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालु शिव भक्तों से इस पुण्य यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है। इस अवसर पर महादेव मंदिर समिति द्वारा जनपद पंचायत परिसर में विशेष भक्ति कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। इसमें मां बागेश्वरी मंच जबलपुर द्वारा भगवान शिव की झांकी एवं भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसमें श्रद्धालुजन प्रसाद ग्रहण करेंगे।



## स्टंटबाज स्कूटी में 6 नाबालिग की सवारी, कटा 9 हजार का चालान

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए नाबालिग युवक स्कूटी पर छह दोस्तों को बैठा लिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। वायरल वीडियो के आधार पर कोरिया जिले की यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9000 का चालान काट दिया। बताया जा रहा है कि यह घटना जिला मुख्यालय क्षेत्र के मुख्य मार्ग की है, जहां एक स्कूटी पर नाबालिग चालक सहित कुल 6 युवक बैठे थे। यह न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की जान को खतरे में डालने जैसा कृत्य है। यातायात विभाग के अधिकारी ने बताया कि ऐसे स्टंट और ओवरलोडिंग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह नियमों का घोर उल्लंघन है और इसके लिए संबंधित वाहन चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि आमजन में जागरूकता और डर दोनों बना रहे।

## क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए संवेदनशील हैं स्वास्थ्य मंत्री



**खड़गवां।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल न केवल अपने विभागीय कार्यों में सक्रिय हैं, बल्कि अपने विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी समर्पित भाव से प्रयासरत हैं। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, हर क्षेत्र में उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता झलकती है। मंत्री श्री जायसवाल अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर छात्रों से सीधे संवाद करते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हैं। बच्चों के बीच सहजता से घुल-मिल जाना उनके जनता से जुड़ाव का प्रतीक है। क्षेत्र के लोग यह कहते नहीं थकते कि बच्चों के बीच इस तरह समय बिताने वाले मंत्री आज के समय में विरले हैं।

श्री जायसवाल अपने शासकीय आवास में जनसामान्य के लिए उत्तम व्यवस्था बनाए हुए हैं। यहां सुबह नाश्ता से लेकर शाम के भोजन तक की व्यवस्था सुनियोजित ढंग से की जाती है। आमजन जब उनसे मिलने आते हैं, तो उन्हें चाय-बिस्किट सहित आदर सत्कार मिलता है। उनका निज निवास रतनपुर भी जनसेवा का केन्द्र बना हुआ है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। मंत्री सभी से मिलते हैं, किसी को भी अनदेखा नहीं किया जाता। अब तक के 19 महीनों के कार्यकाल में मंत्री ने यह साबित किया है कि राजनीति केवल सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम भी हो सकती है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान निरंतर क्षेत्रवासियों को लाभ पहुंचा रहा है।

### 22 करोड़ की लागत से बना था सब स्टेशन, 183 गांव लाभांवित

## बहरासी 132 केवी सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर


पूर्ववर्ती सरकार के समय पूर्व विधायक गुलाब कमरो के प्रयास से भरतपुर क्षेत्र की जनता को अब बिजली समस्या से राहत मिलेगा।

22 करोड़ की लागत से तैयार बहरासी ग्राम में 132 केवी सब स्टेशन से भरतपुर ब्लाक के गांव में 30 जुलाई से बिजली आपूर्ति विधिवत रूप से शुरू कर दी गई। यह उपलब्धि न केवल बहरासी ग्राम के लिए है, बल्कि पूरे भरतपुर क्षेत्र के 183 गांवों के निवासियों को अब बिजली की आंख मिचौली और लो-वोल्टेज की समस्याओं से जूझते ग्रामीणों को अब स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद जगी है। इस सफलता में पूर्व विधायक एवं ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब कमरो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस उपलब्धि में क्षेत्र के किसानों, जनप्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं ने पूर्व विधायक गुलाब कमरो की प्रशंसा करते हुए आभार जताया है। पूर्व विधायक ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया, बहरासी उपकेन्द्र में 132 केवी सब स्टेशन से संचालित विद्युत सप्लाई से क्षेत्र के 183 गांव के लोग लाभान्वित होंगे।




पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जब मैं वर्ष 2013 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा, तब यह क्षेत्र मध्यप्रदेश से बिजली पर निर्भर था। मेरा सपना था कि भरतपुर क्षेत्र के 183 गांवों को सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराऊं।

वर्ष 2018 में विधायक बनने के बाद मैंने सबसे पहले छग से विद्युत लाइन जुड़वाने की पहल की, जिसका परिणाम यह हुआ कि वोल्टेज की समस्या हल हुई और क्षेत्र की जनता आज कूलर, एसी और अन्य विद्युत उपकरण प्रयोग कर पा रहे हैं, लेकिन बरसात के मौसम में लंबी ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### प्रदेश संगठन ने घोषित की बलरामपुर जिला भाजपा की कार्यकारिणी

**अम्बिकापुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव , प्रदेश महामंत्री पवन साय ने जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के अनुमोदन पर बलरामपुर-रामानुजगंज




जिला भाजपा की कार्यकारिणी घोषित की है। भाजपा की कार्यकारिणी में अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, उपाध्यक्ष अजीत सिंह, कमला राम, श्रीमती तारावती सिंह, बलवंत सिंह, आनंद जायसवाल, श्रीमती शशिकला भगत, महामंत्री संजय सिंह, भानुप्रकाश दीक्षित, मंत्री श्रीमती शर्मिला गुप्ता, श्रीमती बसंती भगत, श्रीमती पूजा कश्यप, राम कुमार कुशवाहा, सुबोध विश्वास, अवधेश पैकरा, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, प्रवक्ता दीनानाथ यादव है।

### सेवानिवृत्त होने वाले कोल अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए,एक मार्गदर्शी पहल की गई है,मिशन नचिकेता के तहत कोल मुख्यालय द्वारा तीन दिवसीय सेवानिवृत्ति पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,जो 4 से 6 अगस्त तक एमडीआई बिलासपुर में आयोजित होगा।कार्यक्रम विशेष रूप से उन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए है जो अगले छह महीनों में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सेवानिवृत्ति के बाद की जिंदगी को सुरक्षित, व्यवस्थित और मानसिक रूप से संतुलित बनाना है।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह है कि सेवानिवृत्ति के बाद की वित्तीय योजना,पेंशन एवं ग्रेच्युटी की प्रक्रिया, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय,सामाजिक जीवन में सक्रियता और भूमिका,पारिवारिक जिम्मेदारियों की रणनीतिक समझ,कानूनी,कर एवं निवेश से जुड़ी अहम जानकारियां दी जाएंगी इस बावत एसईसीएल मुख्यालय द्वारा बिश्रामपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, गेवरा, कुसमुंडा, रायगढ़, दीपका, कोरबा, जमुना कोतमा समेत सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों और विभागाध्यक्षों को पत्र प्रेषित किया गया है,साथ ही निर्देशित किया गया कि प्रत्येक क्षेत्र से कम से कम 4 अधिकारी, कर्मचारी और मुख्यालय के प्रत्येक विभाग से 2 प्रतिभागी अनिवार्य रूप से चयनित कर कार्यक्रम में भेजे जाएं। प्रशिक्षण का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में नवगठित केबिनेट को दिलाई गई शपथ



**राजपुर।** स्थानीय सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर में संत इग्नासियुस लोयोला, येसु समाजियों के संस्थापक का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए नवगठित स्कूल कैबिनेट के कक्षा बारहवीं के हेड बॉय दीपांशु श्रीवास्तव एवं हेड गर्ल शाना यासिन को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम के अंतर्गत आने वाले फिशिंग, पासवर्ड सुरक्षा, सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग, सोशल पर सतर्कता, फेक लिंक और ऑफर से बचाव, ऑनलाइन गेमिंग और सेटिंग से सावधानी, वार्ड मोबाईल का सही प्रयोग, सड़क पर दोपहिया का साव्यानी पूर्वक परिचालन करने, नशा पान से दूर रहने, बिना लाइसेंस वाहन न चलाने, हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिये हिदायत दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता फादर अमृत कुमार कुजूर, सुपीरियर और मैनेजर, सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर ने की जिन्होंने मुख्य अतिथि को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षा सत्र 2024-25 के 12वीं बोर्ड परीक्षा में अभिजीत यादव ने 92.8 प्रतिशत, सानिया खातुन ने 87.8 प्रतिशत एवं चंचल कुशवाहा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया कक्षा 10 वीं बोर्ड में शुभम सिंह ने 92 प्रतिशत, कु० नैन्सी लकड़ा ने 91.6 प्रतिशत एवं कु० अंशिका अग्रवाल ने 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया एवं अभिभावकों का मान बढ़ाया है। उन्होंने स्कूल के अनुशासन, सांस्कृतिक एवं ईको क्लब के लीडर्स को पद की गरिमा एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवायी। फादर सेवास्तियन तिग्गा ने सभी कक्षाओं के मॉनिटर को शपथ दिलवायी। कार्यक्रम का संचालन हेलेना मुरुम, नीलिमा केरकेट्टा के मार्गदर्शन में माही एक्का, अनन्या, सूर्जी रॉय, शाहिद, नैना, निहाल, एवं प्रिंसी शर्मा ने किया। फादर आदेश लकड़ा ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान फादर अमृत कुजूर, फा. सेबास्तियन तिग्गा, अमोल मरकाम व अन्य मौजूद थे।

### युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी संभागायुक्त से की गई शिकायत

**अंबिकापुर।** युक्तियुक्तकरण के दौरान की गई गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने संभागायुक्त से शिकायत की है। परवेज आलम गांधी ने तत्कालीन



डीईओ अशोक कुमार सिन्हा पर शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण में अनियमितता करने और अपनी गलती छिपाए के लिए नियम विरुद्ध तरीके से एक लिपिक को निलंबित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बिना किसी विभागीय जांच के निलंबित लिपिक को बहाल कर फिर से उसी कार्यालय में पदस्थ कर दिया गया। युक्तियुक्तकरण में तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भारी अनियमितता व तानाशाही पूर्वक कार्रवाई की गई है। नियम के विरुद्ध कई शिक्षकों के अतिशेष न होते हुए भी अतिशेष की श्रेणी में लाकर जिले तथा संभाग से बाहर स्थानांतरण कराया गया। मामला उजागर होने पर अपनी गलती को छुपाने के लिए स्थापना लिपिक बृज किशोर तिवारी को निलंबित कर दिया गया तथा बिना किसी ठोस जांच एवं कार्यवाही के दोषी होते हुए भी उसे उसी संस्था में पुनः पदस्थ कर दिया गया। उन्होंने इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बीसीए संकाय के छात्रों को सामूहिक फेल करने का आरोप

# परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का आरोप, छात्रों ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का किया घेराव



विरोध प्रदर्शन करते छात्र।



छात्रों को आश्वासन देते कुलपति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों से बड़ी संख्या में छात्र अपने परिणामों को लेकर असंतुष्ट नजर आए, जहां उनके अंकों में व्यापक त्रुटियां पाई गईं। छात्रों ने इस संबंध में कई बार आवेदन देकर विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क किया किंतु कोई ठोस समाधान नहीं निकला जिससे छात्र न सिर्फ निराश है बल्कि परिणाम को लेकर आक्रोशित है। आज छात्रों ने आज़ाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर घेराव किया तथा तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा।

**खास बात**

- छात्रों को मिला शून्य अंक, भड़का आक्रोश

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन से पूर्व बड़ी संख्या में छात्रों ने आजाद सेवा संघ के पदाधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते हुए रैली निकाल विश्वविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। छात्रो ने पहली प्रमुख मांग यह रखी कि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में छात्रों को शून्य अंक प्रदान किए गए हैं जो संदिग्ध और चिंताजनक स्थिति को दर्शाते हैं। क्योंकि यह मानना कठिन है कि सारे छात्र परीक्षा में कुछ भी न लिखें होंगे जबकि सभी नियमित रूप से अध्ययनरत रहते हैं। न्यूनतम उत्तर तो देने की क्षमता रखते ही हैं। दूसरी मांग यह रही कि कई विषयों विशेषकर बीए और बीएससी संकाय में अंकों के वितरण में एक निश्चित पैटर्न देखने को मिला जिससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि उत्तर पुस्तिकाओं का वास्तविक मूल्यांकन नहीं किया गया और केवल औपचारिकता वश परिणाम तैयार कर अंक प्रदान कर दिए गए जो न केवल मूल्यांकन की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगा है बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य के साथ भी अन्याय की स्थिति उत्पन्न करता है। तीसरी और अत्यंत गंभीर मांग में यह बात सामने आई कि संभाग के अधिकांश महाविद्यालयों में बीसीए संकाय के लगभग 90 प्रतिशत छात्रों को एक या दो विषयों में सामूहिक रूप से अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया है जिससे न केवल छात्रों की प्रगति रुकी है बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बनी है। आज़ाद सेवा संघ ने मांग किया कि संभाग के सभी प्रभावित छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आगामी चार दिवसों के भीतर कराया जाए। लगातार कई सत्रों से देखा जा रहा है कि बड़ी संख्या में छात्रों को शून्य अंक दिए जा रहे हैं जबकि यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। उन छात्रों के लिए जिन्होंने प्रायोगिक परीक्षाओं में किसी अनिवार्य कारणवश भाग नहीं लिया उनके लिए पुनः प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन किया जाए। विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा मांगों को गंभीरता से लिया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि आगामी 10 दिवसों के भीतर सभी उत्तर पुस्तिकाओं की निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पुनः जांच कराई जाएगी और यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उसमें आवश्यक सुधार करते हुए पूरी प्रक्रिया को छात्रहित में पूर्ण किया जाएगा। इस दौरान नीतीश भाई पटेल, दिलीप दास, रिया सिद्धि, अनुराग, अली, लक्ष्मण, पायल, सुमित, नेहा, रवि, शुभम, अमन, आशुतोष सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

## रखरखाव के अभाव में राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ के अस्तित्व पर छाया संकट

**सीतापुर।** 15 अगस्त एवं 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्व की शोभा बढ़ाने वाला राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। रखरखाव एवं देखरेख के अभाव में जयस्तंभ की हालत काफी जर्जर हो गई है। बदहाली की मार झेल रहे स्मारक की ऐसी दुर्गति होता देख लोगों ने चिंता जाहिर की है। इस संबंध में नगरवासियों ने नगर पंचायत से जयस्तंभ के मरम्मत कराने की मांग की है ताकि राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ को संरक्षित किया जा सके।

- जर्जर स्मारक कि पिलर क्षतिग्रस्त, चारो ओर गंदगी

विदित हो कि नगर पंचायत के महामाया वार्ड क्र-10 में दशकों से राष्ट्रीय स्मारक के रूप में जयस्तंभ स्थापित है जहां बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ देश का राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त एवं 26 जनवरी मनाया जाता है। राष्ट्रीय पर्व मनाने से पहले नगर पंचायत द्वारा जयस्तंभ की साफ सफाई एवं रंगाई पुताई कराई जाती है ताकि राष्ट्रीय पर्व का उत्साह फीका न पड़ जाए। राष्ट्रीय पर्व मनाते ही नगर पंचायत जयस्तंभ से पूरी तरह किनारा कर लेती है और उसे उसके हाल पर छोड़ देती है।जिसकी वजह से राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ की हालत इन दिनों काफी जर्जर हो चुकी है। मरम्मत के अभाव में जयस्तंभ के प्रवेश द्वार का पिलर धराशायी हो चुका है उसके प्लास्टर उखड़ने लगे है। जयस्तंभ के चारो तरफ पसरी हुई गंदगी की वजह से यहाँ का माहौल काफी दूषित हो चला है। जयस्तंभ की इस बदहाली से अवगत होने के बाद भी नगर पंचायत द्वारा पल्ला झाड़ लेना जयस्तंभ के अस्तित्व के लिए खतरा बन गया है।नगरवासी भी जयस्तंभ की जर्जर हालत पर चिंता जाहिर करते हुए इसकी बदहाली के लिए नगर पंचायत समेत पूर्व पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराया है।



नगरवासियों का कहना है कि जिम्मेदारों ने न कभी इसकी सुध ली और न ही कभी इसकी मरम्मत और रखरखाव को लेकर गंभीर नजर आए। केवल जयस्तंभ में 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज फहराने तक सीमित रहे।जिसकी वजह से आज इस राष्ट्रीय स्मारक की हालत इतनी दयनीय हो गई है। अगर जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान दिये होते तो आज इस राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ की हालत कुछ और होती। आज जयस्तंभ चौक अपनी बदहाली पर आंसू बहाते नजर नही आता। गौरतलब है कि कुछ दिनों बाद 15 अगस्त के दिन राष्ट्रीय पर्व के रूप में यहां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा जिसे देखते हुए ये उम्मीद जताई जा रही है कि उससे पहले जयस्तंभ का कायाकल्प हो जायेगा ताकि देश का राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को पूरे जोश उत्साह एवं धूमधाम से मनाया जा सके।

इस संबंध में अध्यक्ष नगर पंचायत प्रेमदान कुजूर ने बताया कि जयस्तंभ के कायाकल्प को लेकर परिषद की बैठक में प्रस्तावित है। 15 अगस्त से पहले जयस्तंभ का मरम्मत एवं रंग रोगन करा दिया जायेगा।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सफाई कर्मचारी दूसरे दिन भी नहीं लौटे काम पर

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठेका पर देने के विरोध में आज दूसरे दिन भी अस्पताल के सफाई कर्मचारी काम पर नहीं लौटे और अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन किया। हालांकि आज से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था ठेका से होने पर ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ। ठेका कंपनी के अधीन नियुक्त हुए सफाई कर्मचारियों ने वार्ड सहित अस्पताल परिसर की सफाई की।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल की साफ-सफाई की जिम्मेदारी आज से ठेका से शुरू हो गया। सफाई के लिए ठेका लिए कंपनी द्वारा कुछ सफाई कर्मचारियों की भर्ती पूर्व में कर लिया था। इधर जीवन दीप समिति के भंग होने के बाद से सभी सफाई कर्मचारी कलेक्टर दर पर सफाई का काम कर रहे थे वहीं सफाई व्यवस्था ठेका पर देने पर सफाई कर्मचारियों ने विरोध शुरू किया। गुरुवार की सुबह ही सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर ठेका प्रथा का विरोध किया। पहले दिन मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेश्राम व अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने बैठक कर समझाइश दिया लेकिन अस्पताल के सफाई कर्मी नहीं माने और अपनी मांग पर अड़े रहे। आज पुनः सफाई कर्मचारियों ने काम बंद कर अस्पताल परिसर में धरना पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों को मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सहायक अधीक्षक जेके रेलवानी द्वारा काम पर वापस आने की समझाइश दी गई। हालांकि समझाइश के बाद कुछ सफाई कर्मचारी ने सहमति जताई लेकिन अधिकांश अपनी मांग पर अड़े रहे।

### अस्पताल के सफाई कर्मी को पहली प्राथमिकता

आज से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ठेका से सफाई की व्यवस्था शुरू हो गई है। ठेका लिए कंपनी द्वारा की जा रही भर्ती में अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को काम पर रखने की पहली प्राथमिकता दी जाएगी। आज लगभग 20 सफाई कर्मचारियों ने फार्म भरा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी समय से फार्म भर देते है तो काम पर रख सकते है। अगर कंपनी द्वारा भर्ती कर लिया गया तो कुछ नहीं कर सकते है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## स्कूल लेवल की 14 टीमें ले रही हैं टूर्नामेंट में हिस्सा

# स्कूल स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के एकता स्टेडियम में जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित विद्यालय स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबाल प्रतियोगिता का लगातार 13 वें वर्ष एक अगस्त दिन शुक्रवार को शुभारंभ किया गया।प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव उपस्थित रहीं, अन्य अतिथियों में पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, अशोक गुप्ता, वेद प्रकाश मिश्र, गगनदीप सिंह बग्गा, गोपाल विद्रोही, जगदीश जोशी, सुनील सिंह कक्कू उपस्थित रहे। यहां पर अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर खेल का शुभारंभ कराया।

इस दौरान मुख्य अतिथि निर्मला यादव ने कहा कि यहां पर स्कूली बच्चों के खेल से जहां एक ओर मनोरंजन हो रहा है,वहीं दूसरी तरफ युवा खेल प्रतिभाओं को



उभरने का सुनहरा मौका मिल रहा है, स्कूली बच्चों द्वारा बेहतर तरीके से खेल का प्रदर्शन किया जा रहा है,हमारी तरफ से आयोजन कमेटी जिस तरह के सहयोग की अपेक्षा करेगी,उसे हरसंभव पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा।

पढ़ाई के साथ साथ खेल भी बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बहुत ही जरूरी होता है।पिछले कुछ समय से एकता स्टेडियम की स्थिति एसईसीएल प्रबंधन की उदासीनता की वजह से दिनों दिन ख़राब व जर्जर हो रही है,इस तरफ प्रबंधन को शीघ्र ही ध्यान देने की आवश्यकता है। फुटबॉल प्रतियोगिता में आज शुक्रवार को पहला मैच शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी व कार्मेल कान्वेंट स्कूल बिश्रामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी की टीम 3-1 के गोल के अंतर से विजयी हुई।मैन ऑफ द मैच लटोरी के सोनू राजवाड़े को प्रदान किया गया।दूसरा मैच आदर्श विद्या निकेतन लक्ष्मीपुर व राजकुमार पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें आदर्श विद्या निकेतन लक्ष्मीपुर की टीम ने यह मैच 2-0 के अंतर से जीत लिया।प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला फुटबॉल संघ के राम बहादुर लामा, अनुपम फिलिप,शशि नान्हु, सज्जी उमर, सुरेशन स्वाईं बुन्नू, प्रकाश कुर्रे, भुवन रजक, जकरियास टोप्पो,आयुष सिंह, करण सिंह, पीयूष सिंह, साहिल सिंह, हेमंत राजवाड़े सक्रिय हैं, मैच रेफरी की भूमिका में राम बहादुर लामा, रोहित, लव कुमार, रोकी, हेमंत, सुरेश मौजूद रहे।



## विधायक शकुंतला की उपस्थिति में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनगरा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोझा में क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला सिंह पोर्ते के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। शाला प्रवेशोत्सव पहले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोका के प्रांगण में मनाया गया।

मां सरस्वती का पूजन उपरांत बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विधायक द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाया गया व पुस्तक प्रदान किया गया। विधायक ने बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप ही लोगों के बीच से कोई कर्मचारी बनेगा तो कोई अधिकारी बनेगा इसलिए पूरा मन लगाकर पढ़ें ताकि आप अपनी मंजिल को हासिल कर सके। इसके बाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदर में प्रवेश उत्सव में भाग ली। उन्होंने बच्चों को चंदन टीका लगाकर मिष्ठान खिलाया गया व नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक भेंट किया। बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विधायक द्वारा प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैंकरा, जिला पंचायत लवकेश पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष पूरन राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, समय लाल मिश्रा, दशरथ सिंह, सत्यनारायण पैंकरा, हिमांशु सिंह, अनुराग द्विवेदी, नागेंद्र सिंह, विकास तिवारी, मीना श्रीवास्तव, किरण गुप्ता, कृष्णा सिंह, सोमारसाय सिंह, बालेश्वर सिंह, कमलेश सिंह, सलमान सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर में अखंड मानस मंडल परिवार ने मनाई तुलसीदास जयंती

**बिश्रामपुर।** श्री रामचरितमानस के रचयिता आस्था सद्भाव और सनातन संस्कारों की अखंड वाणी भक्ति और भारतीयता को स्वर देने वाले पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती गुरुवार को अखंड मानस मंडल परिवार बिश्रामपुर द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बस स्टैंड स्थित संकट मोचन मंदिर में देर शाम सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया और भोग प्रशाद का वितरण किया गया।मानस मंडल परिवार के अध्यक्ष कृष्ण चंद मिश्रा गुड्डू महाराज ने



उपस्थित जनों को गोस्वामी तुलसीदास जी के जन्मजयंती पर शुभकामनाएं दी एवं बताया कि रामचरित मानस का सनातन धर्म ग्रंथों में अपना अलग महत्व है,उन्होंने बताया कि मानस की एक एक चौपाई मनुष्य को जीवन जीने की कला सीखाती है।राम चरित्र मानस की रचना गोस्वामी जी को उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि ने उन्हें लोकभाषा और लोक भावना से सहज ही जोड़ दिया।अवधि भाषा में लिखा गया यह महाकाव्य जिसके कारण यह ग्राम्य जीवन में भी सहज रूप से समाहित हो गया, मानस के बाल कांड से उत्तर कांड तक राम जी का प्रत्येक चरित्र सागर के समान है।आयोजन में सुंदरकांड पाठ के बाद रामायण जी की हनुमान जी की आरती के बाद भोग प्रसाद का आयोजन किया गया।इस आयोजन में हनुमान मंदिर के पुजारी भोला महराज,मानस मंडल के सचिव सुरेश सिंह चंदेल, बीएल पटेल, सुरेंद्र तिवारी, महेंद्र राजवाड़े, ओमप्रकाश उपाध्याय, पारितोष, भुनेश्वर साहू, सिकंदर, आनंद चौधरी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होकर आयोजन को संपन्न कराया।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाया संत तुलसीदास जयंती

**शंकरगढ़।** सर्व ब्राह्मण समाज ने संत तुलसीदास जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम, तुलसीदास, परशुराम की पूजा आरती कर सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान ब्लॉक संरक्षक राम लखन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल पांडे, ब्लॉक संयोजक धनीराम दुबे, प्रिया नाथ दुबे, संजय पांडेय, राम गोविंद पांडे, सुदीक्षण



दुबे, प्रदीप मिश्रा, कमलेश भारती, राम मूरत मिश्रा, अशोक पांडे सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खराब सड़कों को लेकर कांग्रेसियों ने पकनी चौक पर किया चक्का जाम, ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

भटगांव के आसपास तथा पकनी भटगांव की खराब सड़कों को लेकर सलका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पकनी चौक में भटगांव के पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन करके सांकेतिक चक्का जाम किया गया।

धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाडे ने कहा कि वर्तमान के प्रदेश की ट्रिपल इंजन सरकार के सभी इंजन फेल हो गए है। पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर हैं 150 का स्टील जग 35 हजार में खरीदा जा रहा है। पचास हजार की एलइडी टीवी 5 लाख में खरीदा जा रहा है। किसानों के लिए सोसायटी में खाद बीज उपलब्ध नहीं है। एक बार ट्रांसफार्मर खराब हो जाए तो सप्ताह नहीं लगता है। जिले के सारे सड़के खराब हो चुकी है। सरकार को जगाने के लिए आंदोलन किया जा रहा है। जल्द सड़के नहीं सुधारी गई तो अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जिला संयुक्त महामंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह देव, महामंत्री प्रदीप राजवाड़े, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता, राहुल जायसवाल ने भी संबोधित किया।

- सड़क मरम्मत नहीं करने पर दी अनिश्चित कालीन अंदोलन की चेतावनी

इस दौरान अफरोज खाना, संजय सिंह, राहुल जायसवाल, प्रिंस श्रीवास्तव, लालाजी राजवाड़े, विवेक दुबे, हुलास राजवाड़े, शेषन तिवारी, संगीत राजवाड़े, रमेश चौधरी, पंडा यादव, मुन्ना रंगरेज़, मनोज साहू, संजीव सेठी, रंगीला देवांगन, उमेश मिश्रा, प्रभेस विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताता मौजूद थे। सांकेतिक चक्का जाम पश्चात मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम भैयाथान को सौंपा।




# जॉन अब्राहम की फिल्म तेहरान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक सच्ची घटना पर बेस्ड बताई जा रही है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन के साथ मानुषी छिल्लर भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर बेस्ट रूह कंपा देने वाली कहानी है। अरुण गोपालन निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम अपने धाकड़ अवतार में दिख रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए तैनात भी। इस फिल्म पहली बार जॉन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के साथ नजर आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। मेकर्स ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'क्या वह देशभक्त था या देशद्रोही?

## लाइफ Style

# मृणाल

## एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई

मृणाल ठाकुर सिनेमा की दुनिया का चर्चित नाम हैं। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। मगर, इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ उनकी मेहनत और लगन रही है। शुरुआत से ही मृणाल की दिलचस्पी अभिनय की तरफ रही और कहा जाता है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाती है। उन्होंने अभिनय में कॅरियर बनाने का सपना देखा और आखिर यह सपना पूरा हुआ।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मृणाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 2012 में सीरियल 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' से की। उनको जब इस शो का ऑफर मिला, तब वे पढ़ाई कर रही थीं। एक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिए मृणाल ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। उसने एक्टिंग की शुरुआत घरवालों को बताए बिना की। 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' के बाद मृणाल कई और टीवी सीरियल में नजर आईं। शो 'कुमकुम भाग्य' में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो में उन्होंने बुलबुल अरोड़ा का किरदार निभाया था। मृणाल ठाकुर ने देह व्यापार और चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म शूट करने से पहले मृणाल कोलकाता जाकर कुछ दिन रहीं। वे वहां सोनागाछी रेडलाइट एरिया में गई थीं और देह व्यापार के दलदल में फंसी युवतियों-महिलाओं की जिंदगी को करीब से देखा। बॉलीवुड में मृणाल को फिल्म 'सुपर 30' में ऋतिक रोशन के अपोजिट देखा गया और यहां से उनके कॅरियर ने नई उड़ान भरी। भारत में तो मृणाल ठाकुर की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। मगर, जानकार हैरानी होगी कि इंडोनेशिया में भी उनका फैन बेस मजबूत है। यहां तक कि उन्होंने कुछ इंडोनेशियन टीवी शो में भी काम किया है।



## हॉलीवुड मसाला



# ड्यून पार्ट 3 में कंफर्म की अपनी मौजूदगी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यूनः पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। एक्टर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपनी दाढ़ी बनवाते नजर आए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है।




# माइकल जैक्सन का यूज किया हुआ गंदा मोजा लाखों में बिका

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन का एक पुराना, गंदा और दागदार क्रिस्टल वाला मोजा लाखों में बिका है। फ्रांस में नीलामी के दौरान इसकी उम्मीद से अधिक बोली लगी। बताया जा रहा है कि यह मोजा उन्होंने 1997 में 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान नीस में एक कॉन्सर्ट में पहना था। एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। बताया जाता है कि चूंकि इसे काफी वक्त हो गया इसलिए इस चमकीले मोजे में पीलापन और दाग भी नजर आ रहे थे। वहीं ऑक्शन रखने वालों को इसके \$3,400- \$4,500 के बीच में बिकने की उम्मीद थी। हालांकि, फैन्स और अनोखी चीजों का शौक रखने वालों ने काफी इंटरेस्ट दिखाया और ये उम्मीद से अधिक महंगा हो गया। पिछले दिनों बुधवार को फ्रांस में रखी गई एक नीलामी में माइकल जैक्सन का ये गंदा और यूज किया हुआ मोजा \$8000 डॉलर यानी करीब 7 लाख रुपए में बिका है।



# साउथ से लेकर बॉलीवुड तक का शानदार सफर


**मुंबई।** तापसी पन्नू ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में की थी, लेकिन उनकी किस्मत ने उन्हें ग्लैमर की दुनिया में ला खड़ा किया। साल 2008 में उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया, जहां उन्हें मिस फ्रेश फेस और मिस ब्यूटीफुल स्किन का खिताब मिला। इसके बाद, 2010 में तेलुगु फिल्म 'झुम्मंडी नादम' से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 2011 में तमिल फिल्म 'आदुकलम' ने उन्हें साउथ में पहचान दिलाई। बॉलीवुड में तापसी ने 2013 में चश्मे बद्दूर से डेब्यू किया। लेकिन, असली शोहरत उन्हें 2015 की फिल्म बेबी में सात मिनट के रोल से मिली। इस फिल्म के बाद तापसी ने पिंक, नाम शबाना, मुल्क, थप्पड़, हसीन दिलरुबा, फिर आई हसीन दिलरुबा और डंकी जैसी कई फिल्मों में काम किया और उन्हें बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया।



# पोस्टमैन में निभाएंगे दिल को छू लेने वाला किरदार

**मुंबई।** संजय मिश्रा ने अपने कॅरियर में जहां कॉमेडी के जरिए दर्शकों को हंसाया है, वहीं संजीदा किरदारों के लिए जरिए आंखें भी नम की हैं। जल्द ही वह एक और संजीदा किरदार फिल्म पोस्टमैन में निभाने वाले हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक को संजय मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है, इसमें वह पोस्टमैन के गेटअप में नजर आ रहे हैं। इसी पोस्ट में फिल्म को लेकर निर्देशक फैजान ए बजमी लिखते हैं, 'हर फिल्म एक स्पॉर्क से शुरू होती है। हमारी फिल्म एक चिट्ठी से शुरू हुई। अपनी फिल्म पोस्टमैन का पहला लुक शेयर करते हुए प्राउड फील हो रहा है। फिल्म पोस्टपैन एक फैसले और संदेश की अहमियत के बारे में बताती हैं। इस फिल्म के निर्देशक फैजान, संजय मिश्रा और बाकी कलाकारों के बारे में कहते हैं, मैं सभी कलाकारों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस फिल्म में जान फूंक दी है।

## टीवी मसाला



# तुलसी की चर्चा के बीच अनुपमा छा गई, टॉप 5 में दो कॉमिक शो शामिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की वापसी के बाद रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की पॉपुलैरिटी में कमी आएगी। लेकिन, 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्थिति इसके उल्ट है। इस हफ्ते रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में टॉप पर जगह बनाई है। इन दिनों रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा में लीड कैरेक्टर अनुपमा और उसकी बेटी के बीच तनाव नजर आ रहा है। दोनों के बीच मनमुटाव के कारण दर्शक इस सीरियल को पसंद कर रहे हैं। 29वें हफ्ते में इस सीरियल ने 2.3 की टीआरपी हासिल की है। लगभग 16 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' इस बार टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। सीरियल की टीआरपी इस बार 2.1 रही है। पिछले हफ्ते इस सीरियल ने टॉप पर अपने लिए जगह बनाई थी। 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर कॉमिक सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। इस सीरियल को 1.9 की टीआरपी मिली है। वहीं, लाफ्टर शेफ 2 ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है, इसको भी 1.9 की टीआरपी मिली है।

# बिग बॉस 19 में होगी राजनीति और बनेगी घरवालों की सरकार

**नई दिल्ली।** दोस्तों और दुश्मनों हो जाओ तैयार, क्योंकि इस बार घरवालों की सरकार। इस डायलॉग से सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' का टीजर रिलीज किया। इस बार शो का कॉन्सेप्ट हटकर होने वाला है। इस बात की झलक सलमान खान ने रियलिटी शो के हालिया जारी किए गए टीजर में दी है। टीजर में सलमान खान किसी नेता की तरह गेटअप लिए दिखे। साथ ही वह घोषणा करते हैं कि इस बार 'बिग बॉस 19' में बहुत सारा फन होने वाला है। शो का कॉन्सेप्ट पॉलिटिक्स से इंस्पायर होगा। जिसमें शो में भाग लेने वाले प्रतियोगी मिलकर अपनी सरकार बनाएंगे। अब इस सरकार को बनाने के प्रोसेस में क्या-क्या होगा? यही सब रियलिटी शो में देखेन को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' 24 अगस्त से शुरू होगा। इस शो को कलर्स चैनल पर 10.30 बजे दिखाया जाएगा। साथ ही दर्शक इसे जियोहॉटस्टार पर भी देख सकते हैं। इस शो में जो प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं, उनको लेकर कुछ नामों की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा, गौरव खन्ना, धनश्री के नाम सामने आए हैं।



# धड़क 2 में तृप्ति-सिद्धांत के अभिनय ने जीता दिल

**मुंबई।** साल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' शुक्रवार 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है। दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है। शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म 'धड़क 2' को धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सिद्धांत ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, तृप्ति डिमरी का आत्मविश्वास दर्शकों को पसंद आया है। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर धड़क 2 दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है। नेटिजन्स तृप्ति की तारीफ में लिख रहे हैं, 'तृप्ति ने विधि का किरदार इतनी खूबसूरती से अदा किया है कि वे पूरी तरह उसमें ढल गई हैं'। फिल्म 'धड़क 2' तमिल क्लासिक 'परियेरुम पेरुमल' से प्रेरित है, जिसने जाति संबंधी अन्याय को प्रभावी ढंग से दिखाया था। हालांकि, कुछ लोगों सौरभ सचदेवा, विपिन शर्मा और जाकिर हुसैन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी और सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है, मगर कुछ दर्शकों का मानना है कि फिल्म में जातिवाद का मुद्दा पूरी गहराई से असर नहीं कर पाया है।



# अजय देवगन और रवि किशन के साथ लगाइए हंसी के ठहाके

**नई दिल्ली।** 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार'को काफी पसंद किया गया और यह उस साल की 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। उस फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय दत्त की जोड़ी हिट रही थी, वहीं 13 साल बाद आए इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सन ऑफ सरदार2'में संजय दत्त की जगह अजय के साथ रवि किशन को लिया गया।



इस बार अजय के साथ मृणाल ठाकुर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आ रही हैं और इन दोनों की केमिस्ट्री आपको पर्दे पर पसंद आने वाली है। वहीं, राजा (रवि किशन) का परिवार भी है, जिसका बेटा सबा से प्यार करता है। राजा पाकिस्तानियों से नफरत करता है, लेकिन उसके बेटे को नहीं पता कि वह जिस लड़की से प्यार करता है, वह पाकिस्तानी है। अब राबिया, जस्सी को, जो अपनी पत्नी से अलग होकर राबिया के घर में रह रहा है, अपनी बहन की बेटी सबा के पिता बनने का नाटक करने के लिए मना लेती है। एक घटना के दौरान राबिया और जस्सी की मुलाकात होती है और फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, जिसके बाद राबिया उसे अपने घर में पनाह देती है। जस्सी को राजा के सामने कर्नल बनाकर पेश किया जाता है।

जस्सी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फिल्म के पहले पार्ट में उन्हें संजय दत्त ने परेशान किया था और अब रवि किशन राजा का किरदार उनकी परेशानियां बढ़ाते दिखे. अजय देवगन फिल्म में अपने पुराने रोल में ही नजर आए हैं और अपना बेस्ट दिया है। पर्दे पर उनके साथ मृणाल ठाकुर खूब जंच रही हैं। रवि किशन से लेकर संजय मिश्रा तक, सभी ने अपने किरदारों से कमाल किया है, लेकिन सबसे दमदार रोल गुल के रूप में दीपक डोबरियाल का होगा.

## अलग-अलग शैलियों की आ रहीं फिल्में और सीरीज

# इस वीकेंड ओटीटी पर मिलेगा भरपूर मनोरंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस हफ्ते सिनेमाघरों में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 जैसी फिल्में रिलीज हो गई हैं। लेकिन, अगर आप घर बैठे मनोरंजन करना चाहते हैं, तो ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में और सीरीज इस वीकेंड आ रही हैं। जिनको आप अपने परिवार के साथ घर बैठे देख सकते हैं।

### हाउसफुल 5

अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन स्टारर मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद अब ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। फिल्म 1 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। अगर आपने सिनेमाघरों में ये फिल्म मिस कर दी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं।

### माय ऑक्सफोर्ड ईयर

1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर 'माय ऑक्सफोर्ड ईयर' रोमांस और सेल्फ डिस्कवरी के सफर को दिखाया जा रहा है। जहां एक अमेरिकी लड़की का जीवन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक लवस्टोरी की शुरुआत के साथ पूरी तरह से बदल जाता है।



### सितारे जमीन पर

आमिर खान की सुपरहिट फिल्म'सितारे जमीन पर अगर आपने सिनेमाघरों में मिस कर दी तो अब आप इसे घर बैठे परिवार के साथ देख सकते हैं। सितारे जमीन पर 1 अगस्त से यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत उपलब्ध है। जहां आप इसे देख सकते हैं।


### बकैती

बकैती छोटे गांव की एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा अपने पारिवारिक रिश्तों और जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करता है। यह सीरीज 1 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है।

### थम्मुडु

एक भाई-बहन की इमोशनल कहानी को एक्शन से जोड़कर दिखाती फिल्म तेलुगु थ्रिलर फिल्म थम्मुडु 1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म प्यार, बलिदान और हिम्मत की एक इमोशनल कहानी दिखाती है।



### चीफ ऑफ वॉर

18वीं सदी के अंत में हवाई की कहानी को दिखाती इस सीरीज में जेसन मोमोआ ने काइआना नाम के योद्धा का किरदार निभाया है। जो विदेशों से अपने घर लौटता है और देखता है कि उसका देश आंतरिक लड़ाई और विदेशी ताकतों के खतरे से घिरा है। 9 एपिसोड की यह सीरीज 1 अगस्त से एप्पल टीवी पर स्ट्रीम हो गई।

## खबर संक्षेप

### किसान सम्मान निधि कार्यक्रम एवं कृषक संगोष्ठी

**अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्टीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में 2 अगस्त को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अवसर पर एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र जिला अनूपपुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना तथा कृषि तकनीकी जानकारी का प्रसार करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत लालपुर के सरपंच शिवरतन सिंह एवं ग्राम पंचायत ताली के सरपंच चंद्रभान सिंह, डॉ. एसके पाण्डेय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र आईजीएनटीयू, विकास मेश्राम, अनुविभागीय अधिकारी (कृषि) विकासखंड पुष्पराजगढ़ रहे। ग्राम पंचायत लालपुर के सरपंच शिवरतन सिंह ने किसानों से उन्नत तकनीक अपनाने के लिए आग्रह किया। चंद्रभान सिंह सरपंच ताली ने किसानों से कृषि विज्ञान केन्द्र के मार्गदर्शन में खेती-किसानी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एसके पाण्डेय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र आईजीएनटीयू ने की।

### हितग्राहियों ने सचिव पर लगाया पैसा मांगने का आरोप

**रामानुजगंज।** विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत विशालपुर में नए आवास के लिए हितग्राहियों के सर्वे 2025-26 के लिए हुआ था। जिसके सत्यापन के लिए ग्राम पंचायत के सचिव के द्वारा 100 रूपए प्रत्येक हितग्राही से लिया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जनपद सीईओ से कर कार्रवाई की मांग की है। 15 हितग्राहियों ने जनपद सीईओ से लिखित शिकायत कर पंचायत सचिव पर आरोप लगाया है कि नए आवास के लिए हितग्राहियों का सर्वे 2025-26 के लिए हुआ था। जिसका सत्यापन किया जाना है सत्यापन पंचायत सचिव की आईडी से होना है जिसके लिए पंचायत सचिव द्वारा प्रत्येक हितग्राही से 100 रुपए वसूल किया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारी को देने के नाम पर हम लोगों से पैसा लिया जा रहा है एवं कहा जा रहा है कि पैसा नहीं देने पर आवास निरस्त हो जाएगी। इस दौरान हितग्राही मंगरी, सोनामती, राजकुमारी, लीलावती, कलावती, रूकमणिया, इतवारिया, राजनाथ सहित अन्य मौजूद रहे।

### विधायक के प्रयासों से मिली वृंदावन से सलका मार्ग की स्वीकृति

**प्रेमनगर।** विकास खंड प्रेमनगर के ग्राम पंचायत वृंदावन से सलका मार्ग की स्वीकृति क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के प्रयासों से राज्य शासन से स्वीकृति मिला है।



वृंदावन से सलका मार्ग में आवागमन करने में ग्रामीणों को काफी समस्या हो रहा था और लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग हो रही थी। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। सड़क निर्माण की कुल लंबाई 7.20 किलोमीटर 698.28 लाख रुपए की लागत राशि से स्वीकृति प्राप्त हुआ है। पूर्व में भी क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से विकासखंड प्रेमनगर में करोड़ों रुपए की विकास कार्यों का सौगात मिला था।

#### मध्य अगस्त तक होती है बोनी, बारिश के कारण अटकी खेतों की जोताई

# लगातार हो रही बारिश से खरीफ आलू की खेती पर छाया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार बारिश होने के कारण खरीफ आलू की खेती के लिए बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। खरीफ आलू लगाने का समय तेजी से गुजर रहा है तथा बारिश होने के कारण अभी किसान अपने खेतों की जोताई तक नहीं कर पाए है। जल्द बारिश बंद नहीं हुई तो इस बार खरीफ आलू की खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ने एवं रकबे में भारी कमी आने का खतरा मंडरा रहा है।

खरीफ आलू एवं टाऊ की खेती के लिए मैनपाट, सामरी पाट सहित सरगुजा के विभिन्न पाट क्षेत्रों को पहचाना जाता है तथा यही दोनों फसल पाट क्षेत्र के किसानों की आय का मुख्य साधन है। सितम्बर के अंत में जब रबी सीजन के आलू का स्वाद बदल जाता है तो पाट क्षेत्रों का खरीफ आलू लोगों को अपनी ओर मोह लेता है तथा महंगे दामों पर लोग इसे खरीदते हैं। प्रारंभ में तिब्बती शरणार्थियों ने खरीफ आलू एवं टाऊ की खेती प्रारंभ की थी जो कालांतर में पाट क्षेत्र के किसानों की पसंदीदा फसल बन गई। यूपी सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में पाट क्षेत्रों के खरीफ आलू की भारी मांग होने के कारण किसानों को भी फसल से अच्छी आय होती है। प्रारंभ में तो मैनपाट के गांव-गांव में खरीफ आलू की खेती बड़े क्षेत्रफल में होती थी लेकिन फसल के लागत मूल्य में अत्यधिक वृद्धि होने, रोग एवं कीट प्रकोप से फसल खराब होने एवं फसल तैयार होने के बाद कीमतों में गिरावट होने से भारी नुकसान होन के कारण खरीफ आलू के रकबे में लगातार गिरावट आ रही है।

लगातार बारिश होने के कारण मक्का, मेझरी, सरसो आदि की फसल गल जाने के कारण इस बार किसानों ने आलू की फसल लगाने का मन बनाया था लेकिन लगातार बारिश होने के कारण अभी तक किसान खेतों को तैयार नहीं कर पाए है। खेतों में पर्याप्त नमी होने के कारण फिलहाल जोताई भी संभव नहीं लग रही है ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ गई है तथा किसान खेती को लेकर असमंजस में पड़ गए हैं। लगातार एक पखवाड़े तक धूप निकलने के बाद ही मिट्टी की नमी कम होने पर आलू की बुनाई संभव है। बारिश के बीच बुनाई करने से आलू बीज के सड़ने एवं उत्पादन में भारी कमी आने के डर से किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं दूसरी तरफ लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में इस बार खरीफ आलू के रकबे में भारी कमी आने की संभावना जताई जा रही है।

## विपरीत मौसम के कारण चिंता में किसान



आलू लगाते कृषक।

### 80 दिन में तैयार होती है फसल

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार खरीफ आलू की बोनी जुलाई अंतिम सप्ताह से मध्य अगस्त तक की जाती है। विलंब से लगाई गई फसल पर पाला एवं झुलसा रोग का आक्रमण होने का भय रहता है। मैनपाट के कुछ किसानों ने जुलाई के अंतिम सप्ताह में आलू की फसल लगाई है लेकिन अत्यधिक नमी के कारण आलू के कंद सड़ गए हैं जिससे किसान हतोत्साहित हैं। कृषि वैज्ञानिक मौसम खुलने एवं खेतों की नमी कम होने पर बीज व मिट्टी का उपचार करने के बाद आलू लगाने की सलाह दे रहे हैं। हालत यह है कि विपरीत मौसम के कारण अभी आलू अनुसंधान केन्द्र का प्रक्षेत्र भी खाली पड़ा है तथा वैज्ञानिक मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।

### इन क्षेत्रों में व्यापक खेती

खरीफ आलू एवं टाऊ पाट क्षेत्र के किसानों के लिए कैश काप है तथा फसल तैयार होते ही व्यापारी खरीदी के लिए खेत खलिहानों में पहुंचने लगते हैं। मैनपाट, सामरी पाट, लहसून पाट, बगीचा पाट सहित बलरामपुर एवं जशपुर के अन्य पाट क्षेत्रों में खरीफ आलू की खेती व्यापक पैमाने पर होती है। पिछले साल लगभग 2500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ आलू की खेती हुई थी। इस बार विपरीत मौसम के कारण रकबे में भारी आने की संभावना जताई जा रही है। कृषि वैज्ञानिक भी इस बड़ी समस्या का कोई उपाय नहीं खोज सके हैं।

### मिट्टी का भुरभुरी होना जरूरी

पाट क्षेत्रों के लिए खरीफ आलू की खेती अनुकूल है लेकिन फसल लगाने के पूर्व खेती की मिट्टी भुरभुरी होना जरूरी है। किसान मौसम साफ होने के बाद ही बीज व मिट्टी का उपचार कर फसल लगाएं। विलंब होने पर कम अवधि के किस्मों का चयन करें। नमीयुक्त खेतों में आलू की बोनी करने पर कंद के सड़ने एवं कीट प्रकोप होने की संभावना है।

-डॉ.प्रदीप कुमार भगत, वरिष्ठ वैज्ञानिक आलू अनुसंधान केन्द्र मैनपाट

## प्राधिकरण की बैठक के पूर्व कलेक्टर ने कार्यों की समीक्षा




बैठक लेती कलेक्टर।

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टरेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीमती उषा लकड़ा ने जानकारी दी कि छग शासन के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक 7 अगस्त को जिला पंचायत सभा कक्ष, जांजगीर-चांपा में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण करेंगे।

इस संबंध में 1 अगस्त को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा जिले के आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यों की स्वीकृति संख्या, स्वीकृत राशि, व्यय राशि, कार्य की वर्तमान स्थिति (पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ, निरस्त) आदि के बारे में अद्यतन जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने स्कूल, आंगनबाड़ी, सीसी रोड, पुल आदि निर्माण कार्यों व मरम्मत कार्यों के बारे में भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मरम्मत के लिए जो राशि दी जा रही है, उसका सही उपयोग करें, क्वालिटी में किसी भी तरह की गड़बड़ी करने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर ने दोनों जनपद सीईओ को निर्देश दिए हैं जिन कार्यों के लिए राशि स्वीकृत हो चुके हैं उसे तत्काल शुरू करें और जिन कार्यो की प्रगति धीमी है, उसे तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बैकुंठपुर एवं सोनहत जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, लोक निर्माण, हाउसिंग बोर्ड, पंचायत एवं ग्रामीण विकास व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौवंश की हत्या के मामले में 6 गिरफ्तार

**राजपुर।** गौवंश की हत्या के आरोप में शंकरगढ़ पुलिस ने एक नाबालिग समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अन्सुअर डीपाडीह निवासी सूर्या पाण्डेय ने पुलिस से शिकायत की थी की कि ग्राम जरहाडीह में गाय की हत्या की गई है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाय मांस के अवशेष, टंगिया, छुरा व अन्य सामान बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने जरहाडीह पतराटोली निवासी 59 वर्षीय मोहना पहाड़ी कोरवा आ. बुगु पहाड़ी कोरवा, 44 वर्षीय रामबली पहाड़ी कोरवा आ. मोहना, 24 वर्षीय चन्दन उर्फ चन्दर आ. रामबली, छोटा कोंदा उर्फ कोंदा पहाड़ी कोरवा आ. भीमा, 21 वर्षीय गोयन्दा पहाड़ी कोरवा आ. घुमा व एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## कोरिया की टीम राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव में शामिल

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया की टीम राज्य स्तरीय चतुर्थ चरण हीरक पंख जांच शिविर एवं कब-बुलबुल उत्सव में भाग लेने के लिए बिलासपुर पहुंची। यह चार दिवसीय शिविर 5 अगस्त तक नवीन संगीत महाविद्यालय सरकंडा (साइंस कॉलेज मैदान), बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में छग के 14 जिलों की टीमें भाग ले रही हैं।



कोरिया जिले से यह टीम जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी के निर्देशन में, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेश, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू और गाइड आशा एक्का के मार्गदर्शन में रवाना हुई। टीम में शामिल 14 सदस्य (06 कब, 06 बुलबुल, 1 कब मास्टर, 1 फ्लॉक लीडर) 2 अगस्त को बैकुंठपुर बस स्टैंड से रवाना होकर दोपहर 2 बजे शिविर स्थल पर सकुशल पहुंचे। प्रतिभागियों में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय महलपारा से कब - शौर्य कुमार, हर्ष सिंह, किशन, कृष्णा, अरूण कुमार यादव, विराट तथा सेंट जेवियर्स प्राथमिक शाला रामपुर बैकुंठपुर से बुलबुल- अल्फा, स्वेता यादव, आराधना भगत, आरूही, अप्रिता, रूबीना मिंज शामिल हैं। इस शिविर में प्रतिभागियों को कब-बुलबुल अभिवादन, बड़ी सलामी, जंगल नृत्य, तारा की कहानी, सिक्स कॉर्नर, बुलबुल ट्री, स्टोरी टेलिंग, प्ले एक्टिंग, मॉडल मेकिंग, पेपर कटिंग, ड्राइंग-पेंटिंग, ग्रुप सांग, ग्रुप डांस, लाल फूल, कलरव जैसी गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिल रहा है। शिविर का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ना है। कोरिया जिला संघ की टीम अपने जिले की संस्कृति, परंपरा और पहचान को इन गतिविधियों के माध्यम से राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए तैयार है। बच्चों के साथ-साथ उनके पालकों एवं अभिभावकों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

प्रतिभागियों को कलेक्टर एवं पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया चंदन त्रिपाठी, जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवि कुमार पांडे, सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, प्रशिक्षण आयुक्त सुनील बड़ा, प्रशिक्षण आयुक्त गाइड निशा खान, मीडिया प्रभारी रवि प्रसाद बैगा, ब्लॉक सचिव श्याम कुमार आण्डिल सोनहत, शिव प्रताप सिंह बैकुंठपुर सहित अन्य स्काउट्स-गाइडरों ने बधाई दी हैं।

## बूथ गठन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक

**सूरजपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक साधु राम सेवा कुंज में आयोजित की गई। बैठक ब्लॉक प्रभारी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी मरावी एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े की उपस्थिति व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अश्विनी सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बैठक में ब्लॉक अन्तर्गत आने वाले समस्त बूथ, सेक्टर एवं मंडल गठन के लिए कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। साथ ही बताया गया कि कांग्रेस पार्टी हर एक कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का काम करती है अब हर एक बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। कांग्रेस द्वारा किए गए कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का काम करेगी। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाई गई।

## नागपुर में हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव




**नागपुर।** जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागपुर में 30 जुलाई को संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 1 वीं, 6 वीं एवं 9 वीं में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चंदन-कुमकुम तिलक एवं मिठाई वितरण के साथ हुई।

इसके पश्चात सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नवीन पाठ्यपुस्तकें और गणवेश वितरित किए गए। उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर खुशी और उमंग के वातावरण से भर गया। इस कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपा देवी पावले, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण दुबे, पूर्व प्राचार्य गिरिश कुमार कुरचानिया, मीडिया प्रतिनिधि शरद जायसवाल, महेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अपने उद्बोधन में श्रीमती पावले ने विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास, शिक्षा में निरंतरता तथा उज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों के कैरियर मार्गदर्शन के लिए कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं, जो भविष्य में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री दुबे, अध्यक्ष श्री शुक्ला और अन्य वक्ताओं ने अपने अनुभवों और उदाहरणों से विद्यार्थियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। राज्य शासन की एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में फलदार पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में शाला प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार बेहरा ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शैक्षणिक समन्वयक दुर्गा प्रसाद जायसवाल एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

## डॉ. सोनी को डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. सोनी को सूचना के अधिकार विषय पर अध्ययन करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ द्वारा यह उपाधि दी गई। नई दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी



एवं विद्यावारिधी सम्मान डॉक्टर ऑफ फिलासफी पीएचडी उपाधि समारोह का भव्य आयोजन किया गया। हिंदी एवं स्थानीय भाषाओं के प्रचार हेतु राष्ट्रीय स्तर पर प्रयासरत पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ द्वारा 27 जुलाई को सम्मानित किया गया। डॉ. डीके सोनी अधिवक्ता को सूचना के अधिकार विधि में शोध करने के कारण उन्हें पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ के द्वारा दी डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई। समारोह के मुख्य अतिथि रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. अरविंद कुमार रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. इंदु भूषण मिश्रा कुलपति पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ ने की।

## सैनिक स्कूल में हुई अंतर्सदन वाद-विवाद प्रतियोगिता

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में 30 एवं 31 जुलाई को अंतर्सदन अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई।



प्रथम दिवस कनिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता योग्यता आधारित कक्षा पुनर्गठन स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है विषय पर हुई। कनिष्ठ सदनों में तेजस, पिनाका, विजयंत और अरिहंत के कुल 8 कैडेट्स ने प्रतियोगिता में भागीदारी की तथा पक्ष-विपक्ष में अपने विचारों को प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया। कनिष्ठ वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पक्ष के वक्ता का पुरस्कार कैडेट अभिनव सिंह तथा विपक्ष के वक्ता कैडेट शौर्य कुमार ने जीता। कैडेटों के सम्मिलित अंकों के आधार पर विजेता हाउस का खिताब अरिहंत सदन ने जीता। दूसरे दिन की वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में अर्जन सिंह, मानेकशॉ, करियप्पा और कटारी सदन के 8 वक्ताओं ने साइबर युद्ध पारंपरिक युद्ध की तुलना में एक बड़ी चुनौती है विषय पर अपने विचार एवं तर्क प्रस्तुत किये। वरिष्ठ वर्ग में सर्वश्रेष्ठ वक्ष वक्ता का पुरस्कार कैडेट माधव शौर्य पाण्डेय तथा विपक्ष के वक्ता का पुरस्कार कैडेट प्रत्यूष दीक्षित ने जीता। सम्मिलित अंकों के आधार पर करिअप्पा सदन को विजेता घोषित किया गया। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर की उपस्थिति में विजेता कैडेटों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार और विजेता सदनों को ट्रॉफी से सम्मानित किया। उन्होंने कैडेटों की प्रस्तुति की समीक्षा की और उन्हें और भी बेहतर शोध, तैयारी ओर प्रस्तुति के लिए प्रेरित किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एमसीबी के 28...

इसके लिए सभी कृषक समय पर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराएं और अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करें। जिले के कई लाभान्वित किसानों ने इस योजना से प्राप्त राशि को खेती के कार्यों में उपयोगी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया और योजना को किसानों के लिए संजीवनी बताया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उप संचालक, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और जिले के अन्य कृषक उपस्थित रहे।

### एक दिन के...

डायरेक्टर श्री खान ने कक्षा 10 वीं, 11 वीं और 12 वीं के छात्रों से संवाद किया और उन्हें पढ़ाई में नियमितता बनाए रखने, लक्ष्य निर्धारण और कड़ी मेहनत की सीख दी। प्राचार्य शशिभूषण राय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और समर्पित मेहनत से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास भी उतना ही आवश्यक है। इस प्रेरणादायक आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं शिक्षकगण श्रीमती निशा राय, शिल्पा सरकार, मिंटू द्विवेदी, किरण वर्मा, राजाराम देवांगन, मेघा तिवारी, खुशबू यादव, मिस कौसर, विश्वनाथ ठाकुर, अनिल कुमार भगत, शफीक अहमद, निशांत आरा, दयानंद ठाकुर, जयदेव पांडे, हीरा विश्वकर्मा, रूपा विश्वकर्मा, संजय कुमार, मनोज पांडे, कुमारी सुप्रिया ठाकुर, परवीन सबा, कविता पांडे, सबीरन बानो, पुष्पा मंडल, पूजा नाहक, मंजू केवट और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय द्वारा बच्चों को इस प्रकार नेतृत्व की जिम्मेदारी देकर उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में सराहनीय कदम उठाया गया है।

### बहरासी 132 केवी...

लाइन की वजह से बार-बार बिजली बाधित होती थी, तब मैंने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत से इस पर चर्चा की। क्षेत्र की जनता की परेशानियों को देखते हुए उन्होंने मेरी बात को गंभीरता से लिया और 22 करोड़ की लागत से बनने वाले 132 केवी सब स्टेशन की स्वीकृति दी, जिसका भूमि पूजन तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा कांग्रेस के कार्यकाल में किया और आज वह बनकर तैयार हो चुका है।

## तुलसी जयंती पर समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महाकवि तुलसी दास की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति ने गीता -मर्मज्ञ ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं साहित्यकार बीडी लाल, शायर -ए-शहर यादव विकास, एसपी जायसवाल, चंद्रभूषण मिश्र और व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में केशरवानी भवन में काव्यगोष्ठी की ।



गोष्ठी रामचरितमानस व सरगुजिहा रामायण के संक्षिप्त पाठ से प्रारंभ हुई। ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि तुलसीदास हिन्दी के सर्वोत्कृष्ट कवि हैं। उन्होंने अपने महाकाव्य रामचरितमानस के माध्यम से भारतीय जनता के समक्ष आदर्श पुत्र राम, आदर्श राजा दशरथ, आदर्श माता सुमित्रा, आदर्श भाई भरत व लक्ष्मण, आदर्श मित्र राम व सुग्रीव, आदर्श सेवक हनुमान और आदर्श पत्नी सीता के चित्र प्रस्तुत किए हैं। इन आदर्श चरित्रों की विशेषताओं को लोग अपने जीवन में अपनाएं तो समाज की दशा सुधारने में देर नहीं लगेगी। साहित्यकार एसपी जायसवाल ने गोस्वामी जी का जीवन परिचय दिया। सच्चिदानंद पाण्डेय ने तुलसी को एक महान समाज सुधारक, लोकनायक, कवि, पंडित और भविष्य वक्ता बताया। काव्यगोष्ठी में मंशा शुक्ला ने मूरत सियापति की आओ हृदय बसाएं, संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने रामभक्त तुलसी हुए, कविकुल तिलक महान, अंजू प्रजापति ने रामनाम की माला जपे, जयगुप्त ने उस महान विभूति के वंशज हम, अर्चना पाठक ने रावण की बहना लगे शूर्पणखा है नाम रचना सुनाई। कवयित्री गीता दुबे ने ये सावन की झाड़ियां, कृष्णकांत पाठक ने काश मै भी बादल होता, मनव्वर अशरफी ने लाख कहे इंसान, मगर इंसान नहीं हो सकता है। चंद्रभूषण मिश्र ने उसने अपने किसी चलन से मुझे रौंदने का प्रयास किया, रामलाल विश्वकर्मा ने ये जुल्मत-ए-नफरत हिकारत की बात छोड़ यार, अम्बरीष कश्यप ने उनसे हमारा बोझ उठाया नहीं गया, बीडीलाल और अजय सागर ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में शायर-ए-शहर यादव विकास को शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया।

